Eventstrat Labs Private Limited
SD/-
(Sarveshkumar)
Director
DIN- 10520447

Date:03-02-2026
Place: Noida

"Form No. INC-26"
(Pursuant to rule 30 the companies (Incorporation) Rules, 2014)
Advertisement to be published in the newspaper for change Of Registered Office of the Company for one state to another
Before the Central Government Northern Region, Delhi
In the matter Of Sub-Section (4) of The Section 13 of the Companies Act, 2013 and Clause (A) of Sub-rule(5) of rule 30 of the Companies Incorporation Rules, 2014
AND
In The Matter Of:
KNG AGRO FOOD PRIVATE LIMITED
Having Its Registered Office at
Property No. E-1/83, Ground Floor, Sector 16, Rohini, Delhi - 110089
.....Petitioner

Notice is hereby given to the General Public that the company proposes to make application to the Central Government under section 13 of the Companies Act, 2013 seeking confirmation of alteration of the Memorandum of Association of the Company in terms of the special resolution passed at the Extra-Ordinary General Meeting held on **19th January, 2026** to enable the company to change its Registered Office from the **"NCT OF DELHI"** to the **"STATE OF HARYANA".**
Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change of the registered office of the company may deliver **either on the MCA-21 portal (www.mca.gov.in)** by filing **investor complaint form** or cause to be delivered or send by registered post of his/her objections supported by an affidavit stating the nature of his/her interest and grounds of opposition to the **Regional Director at the address Northern Region, Delhi** within **fourteen days** of the date of publication of this notice with a copy to the applicant company with a copy of the applicant company at its registered office at the address mentioned below:
Address:- Property No. E-1/83, Ground Floor, Sector 16, Rohini, Delhi - 110089
For and on behalf of the Board of Directors
Siddharth Goel
Director
DIN No. 02155739

Date: 04.02.2026
Place: Delhi

JANA SMALL FINANCE BANK

(A Scheduled Commercial Bank)

Registered Office; The Fairway, Ground & First Floor, Survey No.10/1, 11/2 & 12/2B, Off Domlur, Koramangla Inner Ring Road, Next to EGL Business Park, Challaghatta, Bangalore-560071. **Branch Office: Basement, UP Tower, B-7, B-8 & G-7, G-8, Sanjay Palace, Agra, Uttar Pradesh-282002.**

E-AUCTION NOTICE

PUBLIC NOTICE FOR SALE THROUGH E-AUCTION UNDER THE SECURITISATION AND RECONSTRUCTION OF FINANCIAL ASSETS AND ENFORCEMENT OF SECURITY INTEREST ACT (SARFAESI ACT) 2002, READ WITH PROVISO RULE 9(5) & 9 OF SECURITY INTEREST (ENFORCEMENT) RULES 2002.

The undersigned as authorised officer of **Jana Small Finance Bank Limited** has taken possession of the following property in exercise of powers conferred under section 13(4) of the SARFAESI ACT, The Borrower in particular and public at large are informed that **online auction (e-auction)** of the mortgage property in the below mentioned account for realisation of dues of the Bank will be held on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS|WHATIS BASIS"** on the dates as prescribed ashere under.

Sr. No.	Loan Account Number	Name of Original Borrower/ Co-Borrower/ Guarantor	Date of 13-2 Notice	Date of Possession	Present Outstanding balance as on 03.02.2026	Date & Time of Inspection of the property	Reserve Price In INR	Earnest Money Deposit (EMD) In INR	Date and Time of E-Auction	Last Date, Time & Place of Submission of Bid
1	32629610000229	1) Mr. Arjun Saini (Applicant), 2) Mrs. Pooja Saini (Co-Applicant)	15.12.2024	19.03.2025	Rs.18,46,503.48 (Rupees Eighteen Lac Forty Eight Thousand Five Hundred Three and Forty Eight Paisa Only)	20.02.2026 11:00 AM to 04:00 PM	Rs.10,50,975/- (Rupees Ten Lac Fifty Thousand NineHundred Seventy Five Only)	Rs.1,05,098/- (Rupees One Lac Five Thousand Ninety Eight Only)	11.03.2026 Time: 11:00 AM	10.03.2026 Before 5.00 PM Jana Small Finance Bank Ltd., Basement, UP Tower, B-7, B-8 & G-7, G-8, Sanjay Palace, Agra, Uttar Pradesh-282002.
	Details of Secured Assets: All that piece and parcel of the immovable property being House bearing Municiple Corporation No.407, Admeasuring Area 70 Sqyards i.e. 58.55 Sqmtrs, situated at Mohalla Sarjeet Colony, Shamli, Uttar Pradesh-247776. Owned by Mrs. Pooja Saini, W/o. Mr. Arjun Saini. Bounded as: North: 10 Feet wide Road, South: House of Amarnath, East: House of Veer Sen, West: House of Shabbir,									
2	30739420000127	1) Mr. Satyapal Singh (Applicant), 2) Mrs. Savita (Co-Applicant)	10.03.2025	28.01.2026	Rs.23,83,139.61 (Rupees Twenty Three Lac Eighty Three Thousand One Hundred Thirty Nine and Sixty One Paisa Only)	20.02.2026 11:00 AM to 04:00 PM	Rs.17,18,860/- (Rupees Seventeen Lac Eighteen Thousand Eight Hundred Fifty Five Only)	Rs.1,71,886/- (Rupees One Lac Seventy One Thousand Eight Hundred Fifty Five Only)	11.03.2026 Time: 11:00 AM	10.03.2026 Before 5.00 PM Jana Small Finance Bank Ltd., Basement, UP Tower, B-7, B-8 & G-7, G-8, Sanjay Palace, Agra, Uttar Pradesh-282002.
	Details of Secured Assets: All that part and parcel of the immovable property being a Residential House built on Plot No.12 of admeasuring area 56 Sq.meters situated at Khasra No.171, Village Fatehpur Jat, Saharanpur and Uttar Pradesh-247001. Owned by Mr. Satyapal Singh, S/o. Mr. Nakli. Bounded as: North: Plot No.15, South: Road 18 Feet wide, East: Plot No.11, West: Plot No.13.									

The properties are being held on **"AS IS WHERE IS BASIS" & "AS IS WHAT IS BASIS"** and the **E-Auction** will be conducted **'On Line'.** The auction will be conducted through the Bank's approved service provider **M/s. 4 Closure** at the web portal **https://bankauctions.in & www.foreclosureIndia.com.** For more information and For details, help, procedure and online training on e-auction, prospective bidders may contact **M/s. 4 Closure; Contact Mr. Uttkarsh Adesh Contact Number: 9515160064, Email id: info@bankauctions.in/ adesh@bankauctions.in.**

For further details on terms and conditions to take part in e-auction proceedings and any for any query relating to property please contact **Jana Small Finance Bank Authorized officers Mr. Ranjan Naik (Mob. No.8362951653),** To the best of knowledge and information of the Authorised Officer, there are no encumbrances on the properties. However the intending bidders should make their own independent inquiries regarding the encumbrances, title of property put on prior to submitting their bid. No conditional bid will be accepted. This is also a notice to the above named borrowers/ Guarantor s/ Mortgagors about e-auction scheduled for the mortgaged properties. The Borrower/ Guarantor/ Mortgagor are hereby notified to pay the sum as mentioned above along with upto date interest and ancillary expenses before the date of auction, failing which the property will be sold and balance dues if any will be recovered with interest and cost.

Date: 04.02.2026, Place: Shamli & Saharanpur — **Sd/- Authorized Officer, Jana Small Finance Bank Limited**

केंद्रीय बजट से दिल्ली की सड़कों और यातायात को मिलेगी नई दिशा : वर्मा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने केंद्रीय बजट 2026-27 को 'नेक्स्ट जेनरेशन बजट' बताते हुए कहा कि यह भारत की आर्थिक नींव को मजबूत करने के साथ-साथ दिल्ली के विकास को नई गति देगा। मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि इस बजट से राजधानी के बुनियादी ढांचे, विशेषकर सड़क नेटवर्क, को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में लोक निर्माण विभाग को सड़क विकास के लिए केंद्र सरकार से 805 करोड़ रुपए मिले हैं और अगले वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 1200 करोड़ रुपए कराने का प्रयास किया जाएगा। इस राशि से सड़कों के सुदृढ़ीकरण और विस्तार के कार्य बड़े पैमाने पर किए जाएंगे, जिससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। वर्मा ने कहा कि केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच बेहतर समन्वय के चलते विकास परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने दावा किया कि पिछले 11 महीनों में शासन व्यवस्था में स्थिरता और पारदर्शिता आई है। उन्होंने केंद्रीय बजट को 2047 तक विकसित भारत और विकसित दिल्ली की दिशा में एक दूरदर्शी कदम बताया।

मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

होली और दिवाली पर हर राशन कार्डधारी को मुफ्त गैस सिलेंडर, खाते में आएंगे 853 रुपए

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

दिल्ली की भाजपा सरकार ने अपने चुनावी वादे के अनुरूप गरीब परिवारों को होली और दिवाली पर मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने की योजना को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल बैठक में इसके लिए 242 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई। योजना के तहत राजधानी के सभी राशन कार्डधारी परिवारों को प्रतिवर्ष दो सिलेंडर के बराबर आर्थिक सहायता दी जाएगी।

इस साल होली से पहले यह राशि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे परिवार के मुखिया के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। दिल्ली के राशन कार्ड धारकों को 853 रुपए प्रति सिलेंडर दिए जाएंगे। योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह सार्वभौमिक है और एलपीजी या पीएनजी उपयोग करने वाले सभी राशन कार्डधारकों पर समान रूप से लागू होगी। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत आने वाले लाभार्थियों को

केंद्र सरकार की 300 रुपए प्रति सिलेंडर की सबसिडी समायोजित करने के बाद 553 रुपए प्रति सिलेंडर की सहायता मिलेगी। वहीं, गैर-उज्ज्वला राशन कार्डधारक परिवारों को पूरी राशि 853 रुपए दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि त्योहारों के समय गरीब परिवारों की गरिमा और राहत सुनिश्चित करने का एक माध्यम है। उन्होंने यह भी बताया कि योजना का अनुमानित वार्षिक व्यय लगभग 242.77 करोड़ रुपए होगा, जिसे एलपीजी कीमत, केंद्र की रियायत और लाभार्थियों की संख्या के अनुसार समायोजित किया जाएगा।

स्थानीय निकायों को 687 करोड़ की वित्तीय मदद

दिल्ली सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए स्थानीय निकायों को 687.22 करोड़ रुपए की तीसरी एवं अंतिम बीटीए किस्त जारी करने को मंजूरी दी है। इसमें दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को 673.12 करोड़, दिल्ली छावनी बोर्ड को 57.3 करोड़ और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) को 8.36 करोड़ रुपए मिलेंगे। शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कहा कि राशि केवल जनहित और विकासात्मक कार्यों में खर्च होगी, जिसमें स्वच्छता, आधारभूत ढांचा और नागरिक सुविधाओं के सुधार शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में एमसीडी को 500 करोड़ रुपए की एकमुश्त सहायता भी दी गई।

पुरानी दिल्ली के कायाकल्प की कमान अब मुख्यमंत्री के हाथ

पुरानी दिल्ली के कायाकल्प की कमान अब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के हाथों में रहेगी। रेखा गुप्ता को शाहजहानाबाद पुनर्विकास निगम (एसआरडीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस संबंध में लोकनिवास (उपराज्यपाल सचिवालय) से आदेश जारी कर दिया गया है। इस आदेश के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पुरानी दिल्ली के समग्र पुनर्विकास और विरासत संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। एसआरडीसी के माध्यम से पुरानी दिल्ली को आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने पुरानी दिल्ली के समग्र पुनर्विकास और विरासत संरक्षण को लेकर एक व्यापक योजना तैयार की है।

खबर कोना

मेट्रो केबल चोरी के आरोपी को नहीं मिली जमानत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मेट्रो लाइन से 32 मीटर तांबे का तार चुराने के आरोपी एक 'गिग वर्कर' को जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायालय ने टिप्पणी की कि उसने जनता के जीवन से खिलवाड़ किया और सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने कहा कि आरोपी ने केवल 'कुछ मूर्खतापूर्ण हरकतें' ही नहीं कीं, बल्कि उसके कार्यों ने जनता के जीवन और संपत्ति को पूरी तरह से खतरे में डाल दिया। जमानत याचिका खारिज करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी आदतन अपराधी है। न्यायालय ने 31 जनवरी को दिए आदेश में कहा कि जमानत देते समय इस न्यायालय को सार्वजनिक हित और निजी हित के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। याचिकाकर्ता आम जनता के जीवन से खिलवाड़ करने का दोषी है।

उत्तर रेलवे के करनैल सिंह स्टेडियम का होगा कायाकल्प

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

दिल्ली स्थित करनैल सिंह स्टेडियम के कायाकल्प और खेल बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए छह करोड़ रुपए से अधिक की परियोजना शुरू की गई है। इस संबंध में मंगलवार को उत्तर रेलवे खेल संघ, भारतीय रेलवे वित्त निगम और एनबीसीसी सर्विसेज लिमिटेड के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। उत्तर रेलवे के मुख्य प्रवक्ता हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार, इस परियोजना का उद्देश्य राजधानी के ऐतिहासिक खेल केंद्र करनैल सिंह स्टेडियम को आधुनिक सुविधाओं से लैस करना है। योजना के तहत स्टेडियम में रात के समय प्रशिक्षण और प्रतियोगी मैचों के आयोजन की सुविधा विकसित की जाएगी। इसके अलावा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए क्लाइमेट-कंट्रोल्ड और पूर्णतः वातानुकूलित बैडमिंटन हाल तैयार किया जाएगा, जिससे वर्ष भर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण संभव हो सके।

राशन कार्ड सत्यापन को लेकर आप पर भ्रम फैलाने का आरोप

भाजपा विधायक हरीश खुराना ने सरकार से श्वेत पत्र की मांग की

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

राष्ट्रीय राजधानी में राशन कार्डों के पुनः सत्यापन को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए भाजपा विधायक हरीश खुराना ने कहा कि विपक्ष जानबूझकर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि जनता अब सच्चाई समझ चुकी है। खुराना ने मांग की कि वर्ष 2015 से 2024 तक पूर्ववर्ती 'आप' सरकार के कार्यकाल में जारी किए गए राशन कार्डों पर श्वेत पत्र लाया जाए। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखने की बात कही। प्रेस वार्ता में खुराना ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के शासनकाल में बिना उचित सत्यापन के बड़े पैमाने पर राशन कार्ड जारी किए गए। उनके अनुसार, इस अवधि में कुल 9,22,766 राशन कार्ड के लिए आवेदन हुए, जिनमें से अनेक बिना ठोस जांच के स्वीकृत कर दिए गए। अब जब पुनः सत्यापन की प्रक्रिया शुरू हुई है, तो गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के मानकों के अनुरूप दिल्ली सरकार द्वारा कराई गई जांच में 2,02,000 राशन कार्ड संदिग्ध पाए गए, जिनसे 7.07 लाख लाभार्थी जुड़े हैं। इनमें 6,038 मृत व्यक्तियों के नाम पर राशन कार्ड, 16,000 डुप्लीकेट कार्ड और 1.44 लाख से अधिक ऐसे कार्ड शामिल हैं, जिनके धारकों की वार्षिक आय छह लाख रुपए से अधिक है।

सीआइसी का नोटिस मिलते ही 'गुम' फाइल हुई प्रकट

आरटीआइ आवेदन के बाद नगर निगम के जवाब से आयोग हैरान

नई दिल्ली, 3 फरवरी (भाषा)।

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा एक आरटीआइ आवेदन के जवाब में जिस फाइल को 'नहीं मिलने' की बात कही गई थी, वही फाइल केंद्रीय सूचना आयोग (सीआइसी) में मामला पहुंचते ही रहस्यमय तरीके से उपलब्ध हो गई। इस पर आयोग ने आश्चर्य जताया है।

यह मामला माडल टाउन क्षेत्र में एक अस्पताल के लेआउट को मंजूरी देने से जुड़े दस्तावेजों से संबंधित है। आवेदक द्वारा मांगी गई जानकारी के जवाब में एमसीडी के नगर नियोजन विभाग ने पहले कहा था कि संबंधित फाइल उपलब्ध नहीं है और उसका कोई पता नहीं चल पा रहा है। पहली अपील के दौरान भी विभाग ने यही रुख अपनाया। हालांकि, मामला जब केंद्रीय सूचना आयोग के समक्ष आया, तो अचानक

मामला माडल टाउन क्षेत्र में एक अस्पताल के लेआउट को मंजूरी देने से जुड़े दस्तावेजों से संबंधित है।

फाइल से जुड़ी जानकारियां सामने रख दी गईं। इस पर सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी ने हैरानी जताते हुए सवाल उठाया कि सीआइसी से सुनवाई का नोटिस मिलने के बाद वह फाइल कैसे मिल गई, जिसे पहले दो बार पेश करने में असमर्थता जताई गई थी। आयोग ने कहा कि इस तरह के पूरी तरह विपरीत रुख को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

सीआइसी ने टिप्पणी की कि केवल यह कहना कि फाइल नहीं मिल रही है, सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत लोक सूचना अधिकारी (पीआइओ) की वैधानिक जिम्मेदारियों से उन्हें मुक्त नहीं करता। आयोग ने यह भी चिंता जताई कि आधिकारिक जवाबों में पीआइओ का नाम और संपर्क विवरण जैसी बुनियादी जानकारियां तक शामिल नहीं थीं, जो आरटीआइ कानून की भावना के खिलाफ है। आयोग ने यह भी कहा कि आवेदक को जानकारी देने की औपचारिक प्रक्रिया अपनाने के बजाय केवल आंतरिक खोज मेमो जारी करना यह दर्शाता है कि अपीलकर्ता को जानबूझकर अंधेरे में रखा गया। सीआइसी ने इसे सूचना के खुलासे से बचने का प्रयास बताया। सोमवार को जारी आदेश में आयोग ने एमसीडी को चार सप्ताह के भीतर बिंदुवार और पूर्ण उत्तर देने का निर्देश दिया है। साथ ही पीआइओ को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया है कि उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए।

STERLING TOOLS LIMITED

STL FASTENERS

Regd. Office: DJ-1210, 12th Floor, DLF Tower-B, Jasola District Centre, New Delhi-110025
Website :www.stlfasteners.com, E-mail: csec@stlfasteners.com, CIN: L29222DL1979PLC009668

Extract of Standalone and Consolidated Unaudited Financial Results for the third quarter and nine months ended 31st December 2025

(₹ in Lakhs, except per share data)

Sl. No.	PARTICULARS	Standalone						Consolidated					
		UNAUDITED					AUDITED	UNAUDITED					AUDITED
		Quarter Ended			Nine Months Period ended		Year Ended	Quarter Ended			Nine Months Period ended		Year Ended
		31.12.2025	30.09.2025	31.12.2024	31.12.2025	31.12.2024	31.03.2025	31.12.2025	30.09.2025	31.12.2024	31.12.2025	31.12.2024	31.03.2025
1	Total income from operations	18,254.85	17,218.76	15,508.12	51,794.12	48,637.48	65,161.48	20,871.63	21,089.84	26,268.90	61,458.05	83,255.86	1,03,795.35
2	Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items)	1,989.90	1,660.29	1,160.31	5,135.67	4,313.29	5,802.95	1,304.45	1,442.63	1,776.19	3,974.81	6,474.39	7,663.52
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items)	1,215.79	2,609.93	1,160.31	5,311.20	4,313.29	5,802.95	447.05	2,392.27	1,776.19	4,067.05	6,474.39	7,663.52
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items)	950.38	1,979.86	831.32	4,035.16	3,160.81	4,286.97	156.36	1,718.57	1,359.98	2,773.81	4,948.14	5,829.31
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the Period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	952.54	1,973.88	425.10	4,025.35	2,571.93	3,335.22	181.08	1,711.41	953.31	2,785.09	4,358.10	4,876.58
6	Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs.2/- each)	723.69	723.69	720.48	723.69	720.48	723.69	723.69	723.69	720.48	723.69	720.48	723.69
7	Other Equity			-		-	45,977.87			-		-	49,243.75
8	Earnings Per Share (₹ 2/- each)(for continuing and discounted operations)												
	Basic	2.63	5.47	2.31	11.15	8.77	11.89	0.43	4.75	3.78	7.67	13.74	16.17
	Diluted	2.61	5.43	2.28	11.08	8.68	11.81	0.43	4.71	3.73	7.62	13.59	16.05

Notes:

1. The above is an extract of the detailed format of unaudited financial results for the period quarter & nine months ended 31st December 2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The detailed format of the Financial Results of the Company is available on the website of Bombay Stock Exchange Limited (BSE) (www.bseindia.com), National Stock Exchange of India Limited (NSE) (www.nseindia.com) and the Company (www.stlfasteners.com).
2. The Un-audited standalone & consolidated financial results of Sterling Tools Limited ("holding Company") for the quarter and Nine months period ended 31st December 2025 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on 3rd February 2026. The Statutory Auditors of the Holding Company have conducted a limited review on Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results.
3. The above results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles of applicable Indian Accounting Standards ('Ind AS') as notified under the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (as amended), as specified under section 133 of the Companies Act, 2013, other accounting principles generally accepted in India and in compliance with the presentation and disclosure requirements of Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.
4. The Group is primarily in the business of manufacturing of automotive components which falls within a single business segment in terms of the Indian Accounting Standard 108 - Operating Segments, and accordingly there are no reportable segments.
5. (a) Exceptional items during the nine months period ended 31 December 2025 represents enhanced compensation amounting to ₹ 949.64 lakhs (including interest of ₹ 622.45 lakhs) received from Delhi Metro Rail Corporation ("DMRC") against land acquired by DMRC pertaining to Holding company carried out in earlier year and incremental impact of notification of new labour codes on provision for employee benefits (refer (b) below).

   (b) On November 21, 2025, the Government of India notified the four Labour Codes - the Code on Wages, 2019, the Industrial Relations Code, 2020, the Code on Social Security, 2020, and the Occupational Safety, Health and Working Conditions Code, 2020 - consolidating twenty-nine existing labour laws. The Ministry of Labour & Employment published draft Central Rules and FAQs to enable assessment of the financial impact due to changes in regulations. The Group has assessed and disclosed the incremental impact of these changes on the basis of best information available, consistent with the guidance provided by the Institute of Chartered Accountants of India. Considering the materiality and regulatory-driven, non-recurring nature of this impact, the Group has presented such incremental impact as statutory impact of new labour codes under exceptional items in these financial results for the quarter and period ended December 31, 2025. The incremental impact on provision for gratuity of ₹ 723.61 lakhs and on provision for long-term compensated absences of ₹ 133.79 lakhs primarily arises due to changes in definition of wages. The Group continues to monitor the finalisation of Central / State Rules and clarifications from the Government on other aspects of the Labour Code and will record any additional impact as deemed appropriate.

Place: Faridabad
Date: 03-02-2026

For and on behalf of the Board of Directors
STERLING TOOLS LIMITED
Sd/-
Atul Aggarwal
Managing Director
DIN No. 00125825

'कोचिंग सेंटर में हुई मौतों के मामले में अब जांच की जरूरत नहीं'

नई दिल्ली, 3 फरवरी (भाषा)।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने मंगलवार को स्थानीय अदालत में जवाब दाखिल करते हुए बताया कि 27 जुलाई, 2024 की शाम को ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में एक कोचिंग सेंटर के भूतल में बारिश का पानी भर जाने के कारण सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत के मामले में अब जांच की कोई आवश्यकता नहीं है।

केंद्रीय एजंसी ने इस बात पर जोर दिया कि सभी सबूत एकत्र कर विभिन्न दृष्टिकोणों से उनकी जांच की गई है। एजंसी ने मृत अभ्यर्थी के पिता द्वारा मामले की जांच को आगे बढ़ाने का अनुरोध करने वाली याचिका के जवाब में हलफनामा दाखिल किया। मृतक नविन दल्विन के पिता दलविन सुरेश के वकील अभिजीत आनंद ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि केंद्रीय एजंसी के जांच अधिकारी (आइओ) ने 'निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच' नहीं की।

घने कोहरे का कहर, यातायात पर पड़ा असर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

दिल्ली में मंगलवार सुबह घने कोहरे ने राजधानी के कई हिस्सों को अपनी चादर में लपेट लिया, जिससे दृश्यता में भारी कमी आई। खासतौर पर सफदरजंग में दृश्यता 50 मीटर तक और पालम में 100 मीटर दर्ज की गई।

घने कोहरे के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 220 उड़ानों में देरी हुई, जबकि 40 उड़ानों को रद्द कर दिया गया और 10 उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के अनुसार, दिल्ली में आने वाले दिनों में कोहरे का असर और गहरा सकता है। आइएमडी ने आज यानी चार फरवरी के लिए 'पीली चेतावनी' जारी की है। इस दौरान हवाओं की रफ्तार 10-16 किलोमीटर प्रतिघंटा रहने का अनुमान है।

विश्व कैंसर दिवस आज, विशेषज्ञों ने बताया

कैंसर के मामले 2045 तक 24.5 लाख सालाना होने का अनुमान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 फरवरी।

विश्व कैंसर दिवस पर इंडियन कैंसर सोसाइटी (दिल्ली शाखा) के विशेषज्ञों ने आगाह किया कि भारत में हर साल नए कैंसर मामलों की संख्या 2045 तक 24.5 लाख तक बढ़ सकती है, जबकि वर्तमान में यह लगभग 15 लाख है। सोसाइटी की दिल्ली अध्यक्ष ज्योत्सना गोविल ने कहा कि समय पर जांच होने से इलाज की लागत कम होती है और नतीजे बेहतर आते हैं।

केंद्रीय बजट 2026-27 में कैंसर उपचार की पहुंच बढ़ाने के लिए चुनिंदा दवाओं पर कर में छूट और घरेलू बायोफार्मा उत्पादन को बढ़ावा देने जैसे कदम उठाए गए हैं। लेकिन विशेषज्ञों ने जोर दिया कि केवल इलाज पर्याप्त नहीं है, रोकथाम और शुरुआती पहचान पर भी समान ध्यान देना जरूरी है। डाक्टर मोनिका दा, डाक्टर नितेश रोहतगी, डाक्टर इंदिरा और अन्य विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच में खामियों, क्षेत्रीय असमानताओं और वित्तीय बाधाओं पर प्रकाश डाला। चिकित्सकों ने कहा कि कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है, यहां तक कि तीन महीने के बच्चे में भी। विशेषज्ञों ने केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय और सतत सार्वजनिक निवेश की आवश्यकता पर भी बल दिया।